(

बिहार सरकार

ग्रामीण विकास विभाग

अधिसूचना

अधि०सं० :- 4603570 /ग्रा०वि० पटना, दिनांक :- 15/09/2025

R-503/50/2025-Section-14-RDD-RDD

श्रीमती नीलम (बिहार ग्रामीण विकास सेवा, अनुक्रमांक-108163), तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी, लालगंज, जिला- वैशाली को निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, पटना के गठित धावा दल द्वारा दिनांक 09.06.2025 को परिवादी श्री मिथिलेश कुमार से 20,000/- रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। रिश्वत लेने के आरोप में उनके विरूद्ध निगरानी थाना कांड संख्या 35/2025 दिनांक- 06.06.2025 दर्ज होने की सूचना पुलिस अधीक्षक, निगरानी अन्वेषण ब्यूरो के पत्रांक- 955/अप०शा० पटना, दिनांक- 20.06.2025 से दी गयी।

2. विभागीय अधिसूचना सं0- 4316750 दिनांक- 09.07.2025 द्वारा श्रीमती नीलम को बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली 2005 के नियम- 9(2)(क) में निहित प्रावधान के आलोक में कारा निरोध की तिथि 09.06.2025 से अगले आदेश तक के लिए निलम्बित किया गया।

3. श्रीमती नीलम द्वारा दिनांक- 21.08.2025 को कारा से मुक्त होने के उपरान्त दिनांक- 22.08.2025 को विभाग में अपना योगदान समर्पित किया गया।

4. अतः बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम- 9(3)(i) के आलोक में श्रीमती नीलम को निलम्बन से मुक्त करते हुए दिनांक- 22.08.2025 के प्रभाव से योगदान स्वीकृत किया जाता है।

5. उक्त आदेश पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

15.9.25

(मन्जु प्रसाद)

सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक 4603570 /ग्रा०वि० पटना, दिनांक 15/09/2025

R-503/50/2025-Section-14-RDD-RDD

का०परि० बही

प्रतिलिपि:- प्रभारी पदाधिकारी, ई-गजट कोषांग, वित्त विभाग, बिहार, पटना (दो प्रतियों में सी.डी. सहित) को बिहार गजट के अगले अंक में प्रकाशनार्थ / प्रभारी पदाधिकारी, वित्त (वैयक्तिक दावा निर्धारण कोषाग) विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

15.9.25

सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक 4603570 /ग्रा०वि० पटना, दिनांक 15/09/2025

R-503/50/2025-Section-14-RDD-RDD

स्पीड पोस्ट

मेल/का०परि० बही

प्रतिलिपि:- जिला पदाधिकारी, वैशाली एवं पटना / पुलिस अधीक्षक, वैशाली एवं पटना / उप विकास आयुक्त, वैशाली / उप विकास आयुक्त, पटना / प्रभारी पदाधिकारी, प्रशाखा-03, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार, पटना/ कोषागार पदाधिकारी, वैशाली / कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, सिंचाई भवन, पटना / पुलिस अधीक्षक, निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, पटना / प्रखंड विकास पदाधिकारी, लालगंज, जिला- वैशाली / श्रीमती नीलम, तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी, लालगंज, जिला- वैशाली (सम्प्रति मुख्यालय:- ग्रामीण विकास विभाग, बिहार, पटना) पता:- पति-श्री प्रभात समीर, पिता- श्री मुन्नीलाल पासवान, सा0-बड़ा बरियारपुर, थाना- छतौनी, जिला-पूर्वी चम्पारण को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

15.9.25

सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक 4603570 /ग्रा0वि0 पटना, दिनांक 15/09/2025
R-503/50/2025-Section-14-RDD-RDD
प्रतिलिपि:- आप्त सचिव, मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित ।

**का0परि0बही**

सरकार के संयुक्त सचिव ।

ज्ञापांक 4603570 /ग्रा0वि0 पटना, दिनांक 15/09/2025
R-503/50/2025-Section-14-RDD-RDD

**का0परि0बही**

प्रतिलिपि:- आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर प्रदर्शित करने हेतु प्रेषित ।

सरकार के संयुक्त सचिव ।